हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, रविवार, 23 नवंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]




तापमान
अधिकतम 23.2 डिग्री
न्यूनतम 13.2 डिग्री


खड़कोना में तीर्थयात्रा धार्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न




## खबर संक्षेप

### बैंक खाता की जानकारी किसी से भी साझा ना करें

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य में धान खरीदी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस अवधि में किसानों के बैंक खातों में समर्थन मूल्य की राशि जमा होती है। इसी समय सायबर अपराधी अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं और किसानों को धोखे में लेकर उनके बैंक खाते से पैसों की ठगी करते हैं। इसलिए सभी किसानो को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। सायबर ठग मानसिक रूप से पहले विश्वास जीतते हैं और फिर धीरे-धीरे बैंक संबंधी जानकारी मांगते हैं। सामान्य रुप से निम्न तरीके ठगी में स्मॉल करते है। ठग बैंक अधिकारी, समिति कर्मचारी, बीज निगम, खाद्य विभाग या राशन विभाग के अधिकारी बनकर कॉल करते हैं। वे कहते हैं कि आपका भुगतान प्रोसेस नहीं हो पाया है। आपका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है। धान खरीदी पंजीयन अपडेट करना है। भुगतान रोक दिया गया है, सत्यापन करना है, इत्यादि। ठग वाट्सअप, एसएमएस या टेलीग्राम पर लिंक भेजकर कहते हैं- यहां क्लिक करें, नहीं तो आपका भुगतान रुक जाएगा, जैसे ही किसान उस लिंक पर क्लिक करते हैं, मोबाइल में वायरस या फ्रॉड एप इंस्टॉल हो जाता है। ठग कहते हैं कि आपके खाते की पुष्टि के लिए ओटीपी भेजा जाएगा, वह बताएं। जैसे ही किसान ओटीपी या यूपीआई पिन बताते हैं, कुछ सेकंड में खाते से पैसे निकाल लिए जाते हैं।

### न्योता भोज में बच्चों ने चखे स्वादिष्ट व्यंजन

**जशपुरनगर।** सेजेस उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर में प्रधानमंत्री पोषण योजना के अन्तर्गत न्योता भोज का आयोजन शाला प्रबंधन समिति जशपुर एवं शालेय शिक्षकों के सहयोग से कराया गया। जिनमें मुख्य रूप से पौष्टिक आहार में पुलाव,काबूली चना, पुड़ी, सलाद एवं केला शिक्षकों के द्वारा सभी छात्रों को वितरण किया गया। उक्त न्योता भोज के कार्यक्रम में सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी टुमनु गोसाईं विद्यालय की प्राचार्या आर डुंगडुंग व पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक बेर्नाड केरकेट्टा एवं शाला के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

### पहले दिन जिले के 140 खिलाड़ियों ने दिखाए जौहर

# कुनकुरी में जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव उद्घाटन समारोह में रहे मुख्य अतिथि**





कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं खेल का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत कलेक्टर रोहित व्यास और जिला बैडमिंटन संघ जशपुर के अध्यक्ष सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन मंख दो दिवसीय जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ कुनकुरी के मिनी इंडोर स्टेडियम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

छत्तीसगढ़ बैडमिंटन एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट में पहले दिन 140 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।उद्घाटन समारोह में कुनकुरी के प्रतिष्ठित समाजसेवी भरत सिंह, एसडीएम नंदजी पांडेय और कुनकुरी एसडीओपी विनोद मंडावी की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ। शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिले में हो रही यह प्रतियोगिता हमारे लिए गर्व का विषय है। यहां के खिलाड़ी बैडमिंटन के खेल में भी अब आगे आ रहे हैं। खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने हार जीत से ऊपर खेल भावना को शायरी के माध्यम से बताया।

### खेल संस्कृति के विकास का प्रयास

आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वास राव मस्के ने कहा कि कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर जिले में खेल संस्कृति विकसित करने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता जिले में खेल भावनाओं को बढ़ावा देने और प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से कराया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में खेल अधोसंरचना विकसित करने का प्रयास भी किया जा रहा है। एक लाख अट्ठाईस हजार राशि का नकद पुरस्कार और ट्रॉफी विजेताओं को प्रदान की जाएगी। इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन हर साल जिले में होना चाहिए।

### खेल को कैरियर के रूप में भी अपनाया जा सकता है

जिला बैडमिंटन संघ के सेक्रेटरी विनोद गुप्ता ने कहा कि शासन के द्वारा जिले में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। प्रतियोगिता की संक्षिप्त जानकारी देते हुए उन्होंने खिलाड़ीयों को इसे करियर के रूप में भी अपनाने की बात कही।

### पहले ही दिन 10 खिलाड़ी पहुंचे सेमी फाइनल में

आज पहले दिन के परिणाम के आधार पर अंडर-19 बालिका सिंगल वर्ग में रांझी बंसल और श्रीमोई दास सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। अंडर 19 बालक डबल वर्ग के सेमीफाइनल में आदित्य पांडेय-अनस रज़ा, गौरव स्वामी- कुणाल सिंह, आदित्य गुप्ता-अर्पित मस्के, आलीशान सिद्दीकी-राहुल झा पहुंच चुके हैं। दूसरे दिन सभी वर्गो के सेमीफाइनल और फाइनल मैच आयोजित होने हैं।

### इनकी रही उपस्थिति

उद्घाटन समारोह में कुनकुरी बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विनीत जिंदल, सेक्रेटरी महेश त्रिपाठी, जिला बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष डॉ अशोक लकड़ा, क्रीडा अधिकारी प्रदीप चौरसिया, यशस्वी जशपुर के अवनीश पाण्डेय, सुधीर सिन्हा, सुजीत सिंह, दिवाकर यादव, अमन चौरसिया, कुशाग्र गुप्ता, सज्जन रवानी सहित कई वॉलिंटियर, खिलाड़ियों के अभिभावक और दर्शक उपस्थित रहे।

# वन विभाग की तत्परता से घायल महिला की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



वनमंडल जशपुर के अंतर्गत वन परिक्षेत्र पत्थलगांव के परिसर सुखरापारा में आज प्रातः एक लोनर हाथी के आगमन से उत्पन्न स्थिति में वन विभाग की त्वरित कार्यवाही से घायल महिला की जान बचाई गई। डीएफओ जशपुर वनमण्डल ने बताया कि हाथी वन परिक्षेत्र कापू, वनमंडल धरमजयगढ़ से होते हुए सुखरापारा क्षेत्र की ओर बढ़ रहा था।

इसी दौरान ग्राम सुखरापारा निवासी 60 वर्षीय श्रीमती कमलाबाई पति मदीनसाय राउत खेत में स्थित डबरी में मछलियों को देखने गई हुई थीं। अचानक हाथी से आमने-सामने हो जाने पर हाथी ने उन्हें सूंड से उठाकर खेत में फेंक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं आरआरटी टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। टीम द्वारा बिना देर किए घायल महिला को सुरक्षित उठाकर सिविल अस्पताल पत्थलगांव पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वन विभाग द्वारा नियमानुसार तत्कालिक सहायता राशि भी उपलब्ध करा दी गई है।

**हाथी की गतिविधियों पर सतत निगरानी, ग्रामीणों को किया गया सतर्क**

### वनमण्डलाधिकारी जशपुर की ग्रामीणों से अपील

डीएफओ ने बताया कि हाथी की गतिविधियों की सतत निगरानी के लिए वन कर्मियों एवं आरआरटी सदस्यों को क्षेत्र में तैनात किया गया है। साथ ही आसपास के गांवों में मुनादी कर ग्रामीणों को सतर्क रहने, जंगल एवं संभावित खतरे वाले क्षेत्रों में नहीं जाने की समझाइश दी जा रही है। वन विभाग ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि वे विभाग द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें तथा हाथी या किसी भी जंगली प्राणी की गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय वन अधिकारियों को दें, जिससे समय पर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# विधायक गोमती ने बूथ स्तर पर जाकर मतदाताओं के भरवाए फार्म

**कोतबा।** निर्वाचन आयोग की ओर से चलाई जा रही एसआईआर योजना के तहत पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कोतबा नगरपंचायत क्षेत्र के 5 बूथों सहित कई ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए मतदाताओं का फार्म भरवा कर जमा कर जागरूकता का संदेश दिया। साथ ही सभी को सत प्रतिशत मतदाताओं को एसआईआर फॉर्म भरने की सलाह दी। छत्तीसगढ़ में निर्वाचन आयोग द्वारा यह एसआईआर योजना पूरे प्रदेश में चलाई जा रही है। इसका उद्देश्य सभी मतदाताओं की पहचान कर मतदाता सूची को अद्यतन करना है, ताकि जिन मतदाताओं के नाम दो स्थानों पर दर्ज हैं, उन्हें एक ही जगह पर रखा जा सके। इस योजना के तहत शासकीय कर्मचारियों को बीएलओ के रूप में नियुक्त किया गया है, जो घर-घर जाकर फॉर्म भरवा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने कोतबा नगर के बूथ क्रमांक 265, 266, 267, 268, 269 के साथ-साथ ग्राम सुरंगपानी के बूथ क्रमांक 244, 245 व ग्राम कर्राबेवरा के बूथ क्रमांक 246 का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें एसआईआर योजना के महत्व और प्रक्रिया के बारे में समझाया। कार्यक्रम के दौरान मतदाता, ग्रामीण, भाजपा कार्यकर्ताओं, व अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# बिजली तार की चपेट में आया धान लोड ट्रैक्टर, लगी आग



**जशपुरनगर।** पत्थलगांव थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरी पानी में शनिवार को दोपहर 3 बजे की घटना बताई जा रही है, जहां पतराटोली के किसान नानसाय अपने खेत पंडरी पानी, आमाखार से धान काटकर अपने ट्रेक्टर से ट्राली में भर कर अपने घर ला रहा था तभी खाल पारा के पास सड़क पर चलते चलते मोहल्ले में प्रवाहित विद्युत तार के चपेट में आ गया जहां शॉर्ट सर्किट के कारण धान में आग लग गई और धान से धुआं उठने लगा जहां स्थानीय लोगों ने तत्काल पंप के माध्यम से पानी की व्यवस्था की और कुछ समय बाद आग में काबू पाया। स्थानीय जनप्रतिनिधि प्रमोद कुमार एवं संजय कांड्रा ने बताया कि एक तरफ से देखा जाए तो ट्रेक्टर वाले की भी गलती है जहां ट्रेक्टर के ट्राली से 5 फिट तक ऊपर धान लोड किया हुआ था वहीं दूसरी तरफ विद्युत विभाग की भी गलती है जहां गली मोहल्लों में तार खुले झूल रहे हैं ।




## खबर संक्षेप



### वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**बिश्रामपुर।** जयनगर स्थित वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा,वीएम कालेज ऑफ नर्सिंग के डायरेक्टर विजयराज अग्रवाल ने बताया कि मुख्य परीक्षा में कुमारी आफरीन ने 81.74 प्रतिशत अंक प्राप्त करके संस्था का गौरव बढ़ाया है,इसके अलावा 17 विद्यार्थियों ने 70 से 80 प्रतिशत और 12 विद्यार्थियों ने 60 से 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है,सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं,उन्होंने बताया कि शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत एवं विद्यार्थियों के अथक परिश्रम के चलते सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक लाकर प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है,भारतीय नर्सिंग परिषद में जबसे सेमेस्टर के अनुसार परीक्षा लेने का निर्णय लिया है,वह विद्यार्थियों के लिए तैयारी करने करने के उद्देश्य से और भी प्रभावी सिद्ध हो रहा है, सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली के बहुत से लाभ नजर आ रहे हैं, सालभर में लगातार मुल्यांकन और प्रतिक्रिया, पाठ्यक्रम के बोझ में कमी और विद्यार्थियों के लिए नियमित अध्ययन की आदतें विकसित हो रही हैं,विद्यार्थियों को बेहतर विषय समझ और कौशल विकास में मदद करती है,इसका परिणाम यह हुआ है कि टीचर्स और विद्यार्थियों के बीच बेहतर सहभागिता बढ़ी है, जिसका परिणाम बहुत अच्छे आए हैं,ये सार्थक मेहनत का प्रतिफल है।

### मां महामाया मंदिर में विवाह के लिए पहुंच रहे दूल्हा-दुल्हन सहित परिजन



**रामानुजगंज।** जिले के प्रमुख आस्था केंद्रों मां महामाया मंदिर में इन दिनों शादी—विवाह का माहौल पूरी तरह चरम पर है। वार्ड क्रमांक 9 में कनहर नदी के तट पर स्थित यह प्राचीन मंदिर श्रद्धालुओं के साथ-साथ नवविवाहित जोड़ों के लिए भी विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। शादी—विवाह का सीजन शुरू होते ही यहां दूर-दूर के गांवों और कस्बों से दूल्हा—दुल्हन अपने परिजनों के साथ मंदिर पहुंच रहे हैं। मां महामाया के आशीर्वाद से वैवाहिक जीवन की शुरुआत करने की इच्छा रखने वाले जोड़ों की भीड़ प्रतिदिन देखने को मिल रही है। प्राकृतिक सुंदरता और मनोहारी वातावरण से घिरा यह मंदिर विवाह संस्कार के लिए एक शांत और पवित्र स्थल माना जाता है। मंदिर के मुख्य पुजारी जितेंद्र पांडे ने बताया कि विवाह सीजन शुरू होते ही यहां शादियों का सिलसिला लगातार बढ़ गया है। सीजन के दौरान लगभग हर दिन विवाह संपन्न कराए जाते हैं। कई बार एक ही दिन में दो से तीन शादियां भी होती हैं। लोग दूरस्थ गांवों से भी यहां केवल इसलिए आते हैं क्योंकि वे मां महामाया की कृपा से अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन द्वारा विवाह की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित की जा रही हैं। कनहर नदी के किनारे स्थित होने के कारण यहां का प्राकृतिक वातावरण विवाह समारोह को और भी पवित्र और यादगार बना देता है। विवाह के बाद नवविवाहित जोड़े नदी तट पर फोटो शूट भी करवाते हैं, जिससे यह स्थल न केवल धार्मिक बल्कि सांस्कृतिक रूप से भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि मां महामाया मंदिर में विवाह करवाने की परंपरा वर्षों पुरानी है और जैसे-जैसे मंदिर की ख्याति बढ़ रही है, यहां विवाह कराने आने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है।

### उर्सुलाइन स्कूल में तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन



**राजपुर।** विकासखंड अंतर्गत उर्सुलाइन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झींगो में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक शालेय खेल प्रतियोगिता 2025 का भव्य समापन किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष विनय भगत शामिल हुए। उन्होंने बच्चों की खेलों में बढ़ती सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि खेल छात्रों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण साधन हैं। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को चार दलों इंदिरा दल, सुभाष चंद्र दल, लक्ष्मी दल और नेहरू दल में विभाजित किया गया था। सभी दलों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। वहीं इंदिरा दल ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रतियोगिता में सफलता का परचम लहराया। आयोजन के दौरान खो-खो, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, रिले रेस, 100, 200 और 400 मीटर दौड़ सहित अनेक स्पर्धाएं कराई गई। समापन अवसर पर विभिन्न खेलों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के शिक्षकगणों ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्राचार्य सिस्टर सुशना ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य्य रवि प्रताप मराबी, प्राचार्य सिस्टर सुशना, माध्यमिक शाला की प्रधानपाठिका सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## खरीदी केन्द्र का चक्कर लगा रहे किसान

# डीपाडीह कला केन्द्र में अब तक शुरू नहीं हुई धान खरीदी, किसानों में नाराजगी



धान खरीदी केन्द्र के सामने मौजूद किसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

**खास बात**

- किसानों की उपज पड़े है खुले आसमान के नीचे

धान कटाई एवं मिसाई के बाद जहां किसान अपनी उपज को बेचने की तैयारी में है वहीं डीपाडीह धान खरीदी केंद्र में खरीदी प्रक्रिया शुरू नहीं होने से किसान परेशान है। जिले में धान खरीदी प्रक्रिया शुरू हुए पांच दिन से अधिक हो गए है बावजूद इसके डीपाडीह धान खरीदी केंद्र में खरीदी नहीं होने से अब किसान समिति का चक्कर लगाने को मजबूर है।

विकासखंड शंकरगढ़ के डीपाडीह कला धान खरीदी केंद्र में इस वर्ष अब तक खरीदी प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। निर्धारित तिथि बीत जाने के बावजूद केंद्र में आवश्यक व्यवस्था पूर्ण न होने से किसान लगातार परेशान हैं। केंद्र में धान रखने की सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित नहीं की गई है, जिससे किसानों में असंतोष और बढ़ गया है। किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से खरीदी केंद्र का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन कर्मचारियों द्वारा अभी व्यवस्था नहीं होने की बात कहकर वापस भेज देते है। खरीदी स्थल पर गोदाम व्यवस्था, सुरक्षा गार्ड, तिरपाल, तौल मशीन और अन्य संसाधनों की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि प्रशासन द्वारा समय पर तैयार नहीं किए जाने से उन्हें अपनी उपज खुले आसमान और घरों में ही सुरक्षित रखना पड़ रहा है, जिससे नमी बढ़ने पर नुकसान होने की आशंका बनी हुई है। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि डीपाडीह कला केंद्र में तत्काल धान खरीदी शुरू की जाए तथा सभी आवश्यक सुरक्षा और भौतिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि उन्हें राहत मिल सके।

### महावीरगंज में धान खरीदी का हुआ शुभारंभ किसानों में दिखा उत्साह का माहौल

**रामानुजगंज।** धान खरीदी का विधिवत शुभारंभ आज धान खरीदी समिति महावीरगंज बड़े ही उत्साह और पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ किया गया। आयोजित कार्यक्रम में तराजू बाट तथा खरीदी उपकरणों की पूजा - अर्चना की गई जो किसानों की समृद्धि और खरीदी कार्यों के सुचारू संचालन का प्रतीक माना जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभापति कृषि स्थाई समिति रामचंद्रपुर राजकुमार यादव, समिति प्राधिकृत अधिकारी बीरबल शुरुता, जनपद सदस्य अशर्फी यादव, पवन कश्यप, खरीदी प्रभारी सुनील कुमार जायसवाल, ग्राम महावीरगंज के सरपंच श्रीमती निर्मला सिंह, समीउल्लाह अंसारी, कन्हाई प्रजापति, विजय कश्यप, आनंद यादव, सतीश सिंह, राममंदीप यादव, जगदीश यादव तथा क्षेत्र के किसानों की उपस्थिति में खरीदी प्रक्रिया का शुभारंभ कियागया। इस अवसर राजकुमार यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि किसानों का एक एक दाना खरीदी किया जाएगा। किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए सभी व्यवस्थाएं मजबूत की गई। उन्होंने किसानों से कहा कि वे किसी भी बिचौलियों या दलालों के बहकावे में न आए क्योंकि छत्तीसगढ़ शासन ने खरीदी से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से पारदर्शी कर दी है।



### एसईसीएल में गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा का किया गया शुभारम्भ

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में आज गुरूवार को गुणवत्ता सुधार पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया,क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय कुमार सिंह ने क्षेत्रीय मुख्यालय परिसर में ध्वजारोहण कर गुणवत्ता सुधार की मशाल प्रज्ज्वलित कर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को गुणवत्ता प्रतिज्ञा दिलाई।

गौरतलब है कि 20 नवंबर से 5 दिसंबर तक चलने वाले इस पखवाड़े को केवल औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि एक व्यापक गुणवत्ता अभियान के रूप में तैयार किया गया है, इस दौरान स्लोगन लेखन स्पर्धा, वाद-विवाद प्रतियोगिता, गुणवत्ता जागरूकता रैली, 24 नवंबर को विशेष गुणवत्ता कार्यशाला जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें कोयले की गुणवत्ता, खनन प्रक्रिया में पारदर्शिता और आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विस्तृत चर्चा होगी, कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा गुणवत्ता मापदंड, सैंपलिंग तकनीक, कोल ग्रेडिंग और शिकायत निवारण तंत्र पर प्रशिक्षण देने की तैयारी की जा रही है,इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने कहा कि आज देश ऊर्जा के मोर्चे पर आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है और ऐसे समय में उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की आपूर्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बन चुकी है,उन्होंने कहा कि यदि हम कोयले की गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं, तो हम केवल उत्पादन नहीं बढ़ा रहे, बल्कि देश की औद्योगिक प्रगति और ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत कर रहे हैं, कर्मचारियों को गुणवत्ता मानकों की जानकारी देने के लिए खदान स्तर पर छोटे-छोटे समूहों में संवाद सत्र भी आयोजित किए गए,कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह सहित सभी विभागाध्यक्ष, अधिकारी,महिला एवं पुरुष कर्मचारी उपस्थित रहे, सहक्षेत्र प्रबंधक, खान प्रबंधक और नोडल अधिकारी गुणवत्ता की उपस्थिति में मुख्यालय बिलासपुर द्वारा भेजी गई गुणवत्ता प्रतिज्ञा को फिर से दोहराया गया, दोपहर 11 बजे से एसईसीएल बिलासपुर के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक और निदेशक मंडल ने पूरे क्षेत्र से जुड़े महाप्रबंधकों और उनकी टीमों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया।




### नगर पंचायत के पार्क प्रांगण में अटल परिसर बनकर तैयार, लोकार्पण कल

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर के पार्क प्रांगण में लगभग 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर अब पूरी तरह तैयार है और इसका लोकार्पण 23 नवंबर रविवार को किया जाएगा।

यह लोकार्पण मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा रायपुर से वर्चुअल माध्यम से किया जाएगा,नगरीय निकाय की अधोसंरचना मद से निर्मित यह अटल परिसर न सिर्फ नगर पंचायत बिश्रामपुर की पहचान बढ़ाएगा, बल्कि स्थानीय गतिविधियों, सामुदायिक कार्यक्रमों और प्रशासनिक उपयोग के लिए भी एक बेहतर व सुव्यवस्थित स्थान के रूप में उभरेगा,आधुनिक मानकों के अनुरूप निर्मित इस परिसर में नागरिक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है,जिससे यह आने वाले वर्षों में नगर के लिए एक बहुउपयोगी केंद्र सिद्ध हो सके,सबसे खास बात यह है कि बिश्रामपुर का यह लोकार्पण कार्यक्रम प्रदेश के बड़े आयोजन का हिस्सा बनेगा, छत्तीसगढ़ के 100 नगरीय निकायों में निर्माण कराए गए अटल परिसरों का लोकार्पण इसी दिन एक साथ किया जाएगा,ऐसे विशाल कार्यक्रम में शामिल होना बिश्रामपुर के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है,नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि अटल परिसर नगर में विकास की नई लकीर खींचेगा।लोकार्पण को लेकर नगर पंचायत प्रबंधन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है।

### एसआईआर के नाम पर साइबर ठग ओटीपी भेजकर कर सकते है: एसएसपी



**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य और जिले में एसआईआर का कार्य जारी है, साइबर ठगों ने इसकी आड़ में जाल फैलाना शुरू कर दिया है। मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत गणना फॉर्म भरने वाले मतदाताओं और नागरिकों के लिए एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने एक महत्वपूर्ण सुरक्षा सूचना दी है जिसका उद्देश्य लोगों को उनके मोबाइल नंबर के संभावित दुरुपयोग और ओटीपी आधारित धोखाधड़ी से बचाना है। एसएसपी ने प्रशांत कुमार ठाकुर बताया कि एसआईआर भरने हेतु ओटीपी के लिए कोई कॉल आए तो सावधानी बरते। उन्होंने बतायाय कि यदि कोई व्यक्ति फोन करे और कहे कि आपके एसआईआर से जुड़े मोबाइल पर जो ओटीपी आया है, वह दे तो उसे तुरंत मना कर दें। कॉल करने वाले व्यक्ति को साफ-साफ कहें कि मैं कार्यालय जाकर पता करता हू। अगर कोई व्यक्ति ओटीपी मांगने के लिए दबाव डाले, धमकी दे तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाने में सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि एसआईआर फॉर्म में मोबाइल नंबर देना पूरी तरह से सुरक्षित है। लेकिन कुछ साइबर अपराधी इसी बहाने ठगी करने की कोशिश कर सकते हैं। उन्होंने कहा है कि बीएलओ के माध्यम से बीएलओ फॉर्म भरने के लिए किसी भी प्रकार के ओटीपी की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी अधिकारी, कर्मचारी या बीएलओ ओटीपी नहीं मांगता। यह आशंका है कि साइबर ठग ओटीपी भेजकर और इसे पूछकर फ्रॉड को अंजाम दे सकते हैं।

## आयुर्वेद औषधालय भवन निर्माण हेतु भूमि सीमांकन कराने सौंपा ज्ञापन

**राजपुर।** विकासखंड मुख्यालय वार्ड क्रमांक 5 स्थित शासकीय आयुर्वेद औषधालय जर्जर स्थिति में संचालित हो रहा है। चार कमरों के इस पुराने भवन में मरीजों के उपचार एवं भर्ती की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण गंभीर मरीजों को समय पर उचित चिकित्सा नहीं मिल पाती। वर्तमान भवन अत्यंत पुराना होने के साथ-साथ मरम्मत योग्य भी नहीं रह गया है। वहीं क्षेत्र की बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए आयुर्वेद चिकित्सा सेवाओं के विस्तार की अत्यंत आवश्यकता महसूस की जा रही है। इस संबंध में भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील गुप्ता द्वारा तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर नगर पंचायत राजपुर के वार्ड क्रमांक 6 डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में उपलब्ध लगभग 1 एकड़ शासकीय भूमि का सीमांकन कर नवीन आयुर्वेद औषधालय भवन निर्माण हेतु शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई है। यह भूमि शासकीय



अभिलेख में दर्ज है तथा मुख्य मार्ग से सटी होने के कारण मरीजों के आवागमन की दृष्टि से भी उपयुक्त मानी जा रही है। प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण होने पर आम नागरिकों को औषधि वन वाटिका, औषधालय भवन, व्यायाम-योग चबूतरा तथा स्टाफ क्वार्टर जैसी सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।

### माधुरी जायसवाल पुनः बनी कति नारी साहित्य समिति की अध्यक्ष



**अम्बिकापुर।** कृति नारी साहित्य समिति में पदाधिकारियों की चयन प्रक्रिया में सर्व सम्मति से संस्थापिका श्रीमती मीनाक्षी अवस्थी की उपस्थिति में पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है। श्रीमती माधुरी जायसवाल पुनः अध्यक्ष नियुक्त की गई। इसके अलावा उपाध्यक्ष श्रीमती गीता तिवारी, सचिव श्रीमती रूही गजाला, सह सचिव श्रीमती कांति पांडे, कोषाध्यक्ष श्रीमती लीला अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष श्रीमती बिमला यादव नियुक्त की गई।

## मंत्री राजवाड़े ने ओड़गी में सड़क एवं पुलिया निर्माण का किया औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/भैयाथान

- गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, पुनः निर्माण और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने जिले के ओड़गी विकासखंड के धरसेड़ी-कर्री-कुप्पी मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क और पुलिया का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने नव-निर्मित सड़क की गुणवत्ता, सामग्री के उपयोग तथा संपूर्ण निर्माण प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि सड़क के कई हिस्सों में निर्माण मानकों का समुचित पालन नहीं किया गया है और कार्य अभी भी अधूरा है। इस पर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को पूरे मार्ग का पुनः निर्माण मानक गुणवत्ता के साथ कराने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें आमजन की जीवनरेखा हैं, जिस पर आवागमन, एम्बुलेंस सुविधा, बच्चों की स्कूल पहुंच और आवश्यक सेवाओं की निर्भरता होती है। इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, ओड़गी क्षेत्र के स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### अत्याधुनिक फुली ऑटोमैटिक प्लांट का शुभारंभ

**भैयाथान।** आकांक्षा स्वयं सहायता समूह ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम बढ़ाते हुए पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के तहत मीठा शक्ति आहार एवं नमकीन दलिया उत्पादन हेतु अत्याधुनिक फुली ऑटोमेटिक मशीन प्लांट स्थापित किया। शुक्रवार को इस प्लांट का शुभारंभ मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने विधिवत पूजा-पाठ के बाद फीता काटकर किया।



नई उत्पादन इकाई पूरी तरह मशीन आधारित है, जिससे आहार निर्माण की प्रक्रिया अब अधिक स्वच्छ, सुरक्षित, मानक आधारित और गुणवत्तापूर्ण हो सकेगी। प्लांट के शुरू होने से समूह की महिलाओं को तकनीक से सीधे जुड़ने का अवसर मिलेगा, वहीं उत्पादन क्षमता भी कई गुना बढ़ेगी। इस अवसर पर मंत्री राजवाड़े ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं द्वारा संचालित यह प्लांट आत्मनिर्भरता और आजीविका वृद्धि का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस पहल से न केवल समूह की आय में वृद्धि होगी बल्कि क्षेत्र में पूरक पोषण आहार की नियमित आपूर्ति और गुणवत्ता नियंत्रण भी सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, परियोजना अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में महिला समूह की सदस्य उपस्थित रहीं।



### निर्माणाधीन पीएम आवासों का जिपं सीईओ श्री पाटले ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- जारी रैंकिंग में सूरजपुर 85 अंकों के साथ संभाग में प्रथम एवं राज्य में आठवें पायदान पर

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण केंद्र एवं राज्य सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट है। जिसकी सतत निगरानी एवं समीक्षा कलेक्टर एस जयवर्धन एवं जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले के कुशल निर्देश एवं मार्गदर्शन में हो रही है। इसी तारतम्य में सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने जनपद पंचायत भैयाथान के ग्राम पंचायत चुनगड़ी, तेलगांव, अधिनापुर में पीएम आवास के तहत बन रहे मकानों का निरीक्षण किया।

उन्होंने पीएम आवास के पूर्णता, निर्माण के लिए दी जाने वाली राशि का हस्तांतरण, मनरेगा से मिलने वाली राशि, सामग्री की उपलब्धता के अलावा योजना से सम्बन्धित अन्य प्रमुख पहलुओं के तेजी लाने के निर्देश दिए। हितग्राहियों से बात करने के दौरान उन्होंने जल्दी आवास पूर्ण करने के लिए प्रोत्साहित किया। हितग्राहियों के मिस्त्री की समस्या के समाधान के लिए एसडीओ एवं तकनीकी सहायक को निर्देशित किया गया। जिले में बड़ी संख्या में आवास स्वीकृत हुए है, जिन्हें अविलंब समय पर पूर्ण करने का राज्य से लक्ष्य प्राप्त है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी। इसी प्रकार अगर हितग्राही द्वारा कार्य कर लिया जाता है तो उनके अगले किस्त का भुगतान तत्काल जारी कर दिया जाए। अभिसरण से मिलने वाली 90 मानव दिवस की मजदूरी राशि भी हितग्राहियों को निर्माण के आधार पर प्रदाय कर दिया जाए। बैंकों से समन्वय कर राशि जल्द प्राप्त होने की व्यवस्था करने के साथ साथ हितग्राहियों के आवास में मार्गदर्शिका अनुसार लोगो लगाने के लिए निर्देशित किया गया। अब तक जिले में 170 लाख की अधिक की राशि ऋण से प्रदान की जा चुकी है, जिससे पीएम आवास निर्माण में गति आई है।


## मानी जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर/मानीचौक

- नगदी सहित जब्त किया बाइक व मोबाइल

मानी जंगल में हार जीत का दांव लगा रहे पांच जुआरियों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने जुआरियों के पास से नगदी सहित मोबाइल व बाइक जब्त कर सभी के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बीती रात क्षेत्र में गश्त कर रहे कोतवाली पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम मानी नर्सरी जंगल में बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर हारजीत का दाव लगाकार जुआ खेल रहे है। सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम ने वेशभूषा बदलकर, कई साधनों का उपयोग एवं पहचान छिपाकर ग्राम मानी नर्सरी जंगल पहुंची जहां घेराबंदी कर जुआ खेल रहे लखनपुर अंतर्गत ग्राम केनापारा के शिवराज राजवाड़े आ. स्व. बोधन राम (36 वर्ष), . धनसाय राजवाड़े आ. राम नारायण (25 वर्ष), ग्राम सपकरा के रामवृक्ष राजवाड़े आ. गोविन्द राम राजवाड़े (41 वर्ष), दर्पण



राजवाड़े आ. पन्नेलाल (36 वर्ष) व ग्राम सलका के बृजेश पाण्डेय आ. योगेन्द्र पाण्डेय ( 25 वर्ष) को जुआ खेलते धर दबोचा। पुलिस टीम ने जुआड़ियों के पास से 52 पत्ती सहित कुल 19 हजार 880 रूपये जब्त किया। साथ ही जुआड़ियों के 4 मोबाईल, 1 बाइक को भी जब्त किया। पुलिस ने सभी जुआरियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, प्रधान आरक्षक शिवलोचन पैकरा, आरक्षक रविराज पाण्डेय, रामलोचन देवांगन, देवनीश मिंज सक्रिय रहे।

### खीस्त राजा पर्व का आयोजन कल, निकाली जाएगी शोभा यात्रा

**अम्बिकापुर।** खीस्त राजा पर्व का आयोजन 23 नवम्बर को सम्पन्न होगा। खीस्त राजा के आदर में शोभायात्रा शहर के नावापारा स्थित महागिरजाघर प्रांगण में प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होकर गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक, गुरुनानक चौक, गुदरी बाजार चौक, जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक होते हुए उर्सुलाइन सेंट जेवियर्स मैदान तक होगी। तत पश्चात धर्माध्यक्ष डॉ. अन्तोनिस बड़ा के पावन कर कमलों से पवित्र यूखरिस्तीय बलिदान संत जेवियर विद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। चलने में असमर्थ बुजुर्गों तथा छोटे बच्चों वाली माता या पिता को जुलूस से पहले सेंट जेवियर परिसर में प्रवेश दिया जाएगा। उद्घोषक फादर माइकल तिर्की, संगीत संचालन नमना पल्ली, प्रत्येक पारा से भक्त तजिया तैयार कर जुलूस में भाग लेंगे जिनका मूल्यांकन सिस्टर जॉर्जिना , सिस्टर शांति केरकेट्टा तथा फादर इमिलियुस एक्का द्वारा किया जाएगा।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री

मोहनी स्पेशलिस्ट

हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**



**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## खबर संक्षेप

### जिले में एसआईआर कार्य 97.85 प्रतिशत पूर्ण

**रायगढ़।** जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य एसआईआर जारी है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका वर्मा ने बताया कि जिले में मतदाताओं को गणना पत्रक वितरण का कार्य 97.85 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। अब मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना पत्रक एकीकरण, संकलन एवं डिजीटाईजेशन का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

**रायगढ़।** 20 नवम्बर को पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त के तहत जिले के 86 हजार 577 किसानों के खाते में 17.30 करोड़ रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष नें किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की जानकारी द। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ बी एस राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आय में वृद्धि करने के साथ.साथ कृषि क्षेत्र को मजबूती प्रदान कर रही है। उन्होने किसानों को प्राकृतिक खेती एवं रबी फसलों में गेंहू व सरसों की उन्नत तकनीक की जानकारी दी।

### तहसीलदार ने किया धान केंद्र कोसीर का निरीक्षण

**कोसीर।** कोसीर धान उपार्जन केंद्र में तहसीलदार शनि पैकरा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान में नमी, आवश्यक साफ सफाई एवं हमालों को सही तौल करने का निर्देश दिया। वहां मौजूद किसानों से धान साफ सफाई के साथ उपार्जन केंद्र में लाने की बात कही। धान फड़ में जांच के समय रमेश सिंघनपुर 55 कट्टा, राजेश्वरी 105 कट्टा, मालिकराम कोसीर 40 कट्टा को आवश्यक सफाई करने पश्चात ही खरीदी करने का निर्देश समिति को दिया गया। उक्त धान के संबंध में पंचनामा बनाया गया। मौका स्थल पर नोडल अधिकारी कृष्णकुमार साहू, आनंदराम सिदार, फड़प्रभारी हमाल मुकर्रदम समेत अन्य किसान मौजूद थे।

### खरसिया तहसील में हो रहे कार्यो का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** अधिकिरयों ने खरसिया तहसील में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पता चला कि पूरे जिले में खरसिया तहसील सर्वाधिक सक्रिय और अग्रणी है। यहां कुल निर्धारित कार्यों में करीब 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। यह अन्य क्षेत्रों की तुलना में प्रशंसनीय उपलब्धि है। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार मोनल साय तथा काजल अग्रवाल उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने अपनी टीम के साथ समन्वय, तत्परता और मेहनत से काम करते हुए अभियान को गति दी है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि पासवर्ड या किसी भी प्रकार की निजी जानकारी किसी को भी साझा न करें। सभी प्रकार के प्रपत्र व दस्तावेज़ केवल अधिकृत माध्यमों से ही भरें और जमा करें। किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। खरसिया तहसील की प्रगति पूरे जिले के लिए एक आदर्श उदाहरण के रूप सामने आई है।

### बंडामुंडा पुलिस ने चार शातिर बदमाशों को दबोचा

**राउरकेला।** बंडामुंडा पुलिस ने एक बड़ी साजिश पर समय रहते कार्रवाई करते हुए डकैती की योजना बना रहे चार बदमाशों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बंडामुंडा ए.सेक्टर निवासी उमेश तांती उर्फ नागिन 32, राउरकेला मालगोदाम सरदार बस्ती निवासी आकाश राय 35, सेक्टर.21 भवानी बस्ती निवासी अजय आंचल 36 और बंडामुंडा बी.सेक्टर निवासी धर्मेंद्र शर्मा उर्फ धरु 33 के रूप में हुई है। सूत्रों के अनुसार बुधवार देर रात चारों आरोपी बंडामुंडा स्थित एक ज्वेलरी दुकान में डकैती की योजना बना रहे थे। इस दौरान गश्त पर निकली पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने संदिग्ध हालात में बैठी इस टोली को देखा और तलाशी के दौरान उनके मंसूबों का खुलासा हुआ। तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने मौके पर ही सभी को गिरफ्तार कर लिया।

## जिले के विभिन्न उपार्जन केंद्रों का किया निरीक्षण, कोचियों पर कड़ी निगरानी का निर्देश

# सभी उपार्जन केंद्रों में माइक्रो लेवल पर हो निरंतर निगरानी : प्रभारी सचिव



### घरघोड़ा और जरेकेला उपार्जन केंद्र भी पहुंचे

प्रभारी सचिव ने धान खरीदी केंद्र घरघोड़ा और जरेकेला में पंजीकृत किसानों की संख्या, लक्ष्य, रकबा, बारदाना उपलब्धता और इंटरस्टेट धान की रोकथाम की जानकारी ली। उन्होंने समिति एवं प्रशासनिक टीम को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केवल पंजीकृत किसान अथवा उनके नॉमिनी से ही की जाए तथा भुगतान समय पर किया जाए। उन्होंने डिजिटल एवं पारदर्शी खरीदी के भी निर्देश दिए।

### किसानों से की वन टू वन चर्चा

प्रभारी सचिव ने धान उपार्जन केंद्र तरकेला में किसानों से वन टू वन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने पिछले वर्ष की खरीदी, पंजीकृत किसानों की संख्या, बारदाना उपलब्धता, टोकन प्रणाली, ड्रेनेज व्यवस्था एवं तौल कांटा की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि लघु एवं सीमांत किसानों को प्राथमिकता दी जाए। छोटे किसानों को 2 तथा बड़े किसानों को 3 टोकन दिए जाएं। इस दौरान किसानों ने बताया कि उपार्जन केंद्र में अच्छी व्यवस्था है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले के प्रभारी सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग तथा सार्वजनिक उपक्रम विभागए रेल परियोजनाएं एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव रजत कुमार ने जिले के विभिन्न धान उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी व्यवस्था, किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं धान के सुरक्षित भंडारण की स्थिति की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने सर्वप्रथम धान उपार्जन केंद्र कोड़ातराई का दौरा किया। उन्होंने साफ-सफाई, बारदाना उपलब्धता, पेयजल, फेंसिंग, सीसीटीवी कैमरे, ड्रेनेज सिस्टम, नमीमापक यंत्र, तौल कांटा, छाया व्यवस्था तथा अब तक की कुल खरीदी की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुखा, स्वच्छ एवं एफएक्यू क्वालिटी का धान ही खरीदा जाए। किसानों को धान विक्रय प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। प्रभारी सचिव ने कहा कि सभी चेकपोस्टों पर सख्त निगरानी रखी जाए एवं किसानों का शत.प्रतिशत धान खरीदा जाए। उन्होंने कहा कि कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा बाहरी धान को जिले में प्रवेश से पहले ही रोकने के पुख्ता इंतजाम हों। उन्होंने अधिकारियों को माइक्रो लेवल मॉनिटरिंग नियमित फील्ड विजिट और निगरानी करने के निर्देश दिए।

## खरसिया में 128 कट्टा अवैध धान जब्त मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरसिया

बुधवार को खरसिया अनुविभाग अंतर्गत 128 कट्टा अवैध धान जब्त कर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई एसडीएम प्रवीण तिवारी के नेतृत्व में राजस्व एवं संबंधित विभागों की संयुक्त टीम द्वारा की गई। एसडीएम ने बताया कि संयुक्त दल द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान ग्राम काफरमार में वरुण तिवारी के पास 58 कट्टा और ग्राम केवाली में गुहा दास महंत के पास 70 कट्टा अवैध धान भंडारित था। दोनों स्थानों से कुल 128 कट्टा धान जब्त कर नियमानुसार प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में शासन के निर्देशों का पालन करते हुए अवैध गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। अनुविभागीय स्तर पर गठित टीमें लगातार निरीक्षण कर रही हैं। अवैध धान भंडारण एवं परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मण्डी सचिव प्रशांत कुलमित्र, खाद्य निरीक्षक बनमाली यादव और मण्डी उप निरीक्षक मौजूद रहे।

## महिला की अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

सोशल मीडिया में महिला की अश्लील फोटो वायरल करने वाले फरार आरोपी को जशपुर पुलिस ने उड़ीसा से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से लगातार राज्यों की सीमाएं बदलते हुए पुलिस को चकमा दे रहा था, लेकिन जशपुर पुलिस की लगातार टेक्निकल ट्रैकिंग व विशेष टीम की सक्रियता के चलते वह आखिरकार दबोच लिया गया।आरोपी की पहचान सोलेमान शेख उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम खरीदपुर, थाना सती, जिला मुर्शिदाबाद (प. बंगाल) के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 79 व आईटी एक्ट की धारा 67(A) के तहत अपराध दर्ज है।

फरसाबहार क्षेत्र की 32 वर्षीय विवाहित महिला ने 24 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अगस्त 2025 में उसके ससुराल में घर निर्माण के दौरान आरोपी पलस्तर का काम करने आया था। एक महीने के भीतर आरोपी ने बातचीत का बहाना बनाकर महिला का मोबाइल नंबर हासिल कर लिया। व्हाट्सऐप चैटिंग और वीडियो कॉल के दौरान आरोपी ने झांसा देकर महिला के निजी पलों का स्क्रीनशॉट ले लिया जिसकी जानकारी महिला को भी नहीं थी। बातचीत बंद होने और काम से निकाले जाने से नाराज था, आरोपी ने 23 अक्टूबर को महिला की अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल कर दी। रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी टीम को सक्रिय किया। जांच में पता चला कि आरोपी कोलकाता में है। इस पर एसएसपी शशि मोहन सिंह ने एक विशेष टीम को कोलकाता भेजा। टीम पहुंची तो आरोपी वहां से फरार हो चुका था। टेक्निकल ट्रैकिंग ने फिर लोकेशन पकड़ी ओडिशा के अंगुल जिले के खम्हार इलाके में। जशपुर पुलिस ने पीछा करते हुए आखिरकार आरोपी को वहीं से दबोच लिया। पूछताछ में सोलेमान शेख ने अपना अपराध स्वीकार किया। उसके मोबाइल से संदिग्ध डेटा भी मिला है, जिसकी जांच जारी है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।



जशपुर पुलिस की लगातार तलाश आखिरकार सफल



### शाला विकास समिति और ग्रामीणों ने स्कूल को दिया स्मार्ट एलईडी

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा शाला विकास प्रबंधन समिति तथा ग्रामवासियों द्वारा प्राथमिक शाला केराखोल को कंपीटिशन परीक्षा की तैयारी तथा ऑनलाइन एजुकेशन के लिए 43 इंच का स्मार्ट एलईडी दिया गया। प्रधान पाठक चन्द्र मणी चौहान ने बताया कि ग्राम वासी केरा खोल एवं शाला विकास समिति के संयुक्त पहल से विद्यालय के छात्र छात्राओं के शिक्षा स्तर को आगे बढ़ाने के लिए तथा बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने के उद्देश्य से सहयोग राशि दे कर 43 इंच एलईडी खरीद कर विद्यालय को दिया है।

## खड़कोना में तीर्थयात्रा धार्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न

**जशपुरनगर।** मनोरा विकासखंड में आस्ता के नजदीकी ग्राम खड़कोना में 21 नवम्बर को कैथोलिक ईसाइयों की ऐतिहासिक 'खड़कोना तीर्थयात्रा' अत्यंत भक्तिभाव और धार्मिक उत्साह के वातावरण में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम के लिए समिति द्वारा लगभग एक माह से तैयारियां की गई थीं। 21 नवम्बर की सुबह से ही बस, कार, बाइक और अन्य वाहनों से श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया। जशपुर जिले के अलावा रायगढ़, सरगुजा, बलरामपुर, झारखंड और ओडिशा से भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्री शामिल हुए। अनुमान अनुसार लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं ने तीर्थयात्रा में भाग लिया, जिनमें लगभग 500 नन और 200 प्रीस्ट शामिल थे। पवित्र मिस्सा के मुख्य अनुष्ठाता पूर्णिया (बिहार) दायसिस के बिशप फासिस तिर्की थे, जबकि सह-अनुष्ठाता जशपुर दायसिस के बिशप एम्मानुएल केरकेट्टा और घाघरा डीनरी के डीन फादर यूजीन नगेसिया रहे। गीत-संगीत का संचालन संत अन्ना कॉन्वेंट घाघरा की टीम ने किया। अम्बाकोना, ओरडीह, अजधा, घाघरा, घोलेंग और जरिया पारिश के श्रद्धालुओं ने पूरे दिन विभिन्न भागों की अगुवाई की। कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। तीर्थयात्रा को सफल बनाने में आयोजन समिति, अजधा पल्ली के फादर अनसेल्म कुजूर, फादर यूजीन नगेसिया, जशपुर दायसिस कैथोलिक सभा के अध्यक्ष अभिनंद खलखो, ईसाई आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष वाल्टर कुजूर, हैप्पी कमल कुजूर सहित अनेक लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।





## नगरवासियों ने की मुख्य मार्ग में गति नियंत्रण की मांग, दुर्घटनाओं से है रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंद्रपुर

नगर के मुख्य मार्ग पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं और अनियंत्रित यातायात को देखते हुए नगरवासियों ने थाना प्रभारी गगन बाजपेई को ज्ञापन सौंपकर गति सीमा निर्धारित करने तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। नागरिकों का कहना है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 153 पर बसे चंद्रपुर में दिनोंदिन भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ती जा रही है, जिससे सड़क हादसों का खतरा लगातार बना हुआ है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि नगर के पास एक बड़ा औद्योगिक प्लांट संचालित है और आसपास भी कई उद्योग हैं, जिसके चलते चौबीसों घंटे भारी वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं। तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन संचालन के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। लोगों ने यह भी बताया कि प्रतिदिन किसी न किसी गौवंश की सड़क पर ही मौत हो रही है, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। चंद्रपुर में माँ चंद्रहासिनी देवी का प्रसिद्ध मंदिर है एवं आसपास के 10-15 किलोमीटर के ग्रामीण अंचलों के छात्रों के लिए यह नगर मुख्य शिक्षा केंद्र होने के कारण यहां पैदल आवाजाही भी अधिक रहती है। बच्चों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर भी यातायात नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। नगरवासियों ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे सकती है। जनदृसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए नागरिकों ने थाना प्रभारी से माँग की है कि मांड पुल से लेकर लात नाला तक गति सीमा 30 किमी घंटा निर्धारित की जाए। साथ ही इस पूरे मार्ग पर बैरिकेट्स, गति अवरोधक स्पीड ब्रेकर तथा आवश्यक चेतावनी संकेत लगाए जाएं ताकि दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहनों की गति नियंत्रित रहे।



## एनटीपीसी दर्लीपाली विस्तार पर विवाद के बीच ग्रामसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुंदरगढ़.

एनटीपीसी दर्लीपाली परियोजना में 800 मेगावॉट की अतिरिक्त यूनिट 1×800 एमडब्लू स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया के तहत दर्लीपाली ग्राम पंचायत में ग्रामसभा आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लेफ्रीपड़ा प्रखंड बीडीओ अतसी परिड़ा और दर्लीपालि सरपंच नलिनी कुमूरा ने की। बैठक में भूमि अधिग्रहण विभाग के अधिकारीए एनटीपीसी प्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहे। सुन्दरगढ़ जिला अनुसूचित क्षेत्र होने से यह ग्रामसभा पेसा कानून के प्रावधानों के तहत आयोजित बताई गई। लेकिन आलुपड़ा और बरौभगार के ग्रामीणों ने तीखा विरोध किया।

उनका आरोप है कि परियोजना शुरू होने से अब तक गर्म धुएं व फ्लाई ऐश से वे गंभीर रूप से प्रभावित हैं और वर्षों से विस्थापन की मांग कर रहे हैं, पर न प्रशासन और न ही एनटीपीसी उनकी बात सुन रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 10 नवंबर को लेफ्रीपड़ा ब्लॉक में आयोजित शिकायत सुनवाई के दौरान वे जिलापाल से मिलने पहुंचे पर उन्होंने अनदेखा कर दिया जबकि उपजिलापाल ने ग्रामसभा में उपस्थित होकर समाधान का आश्वासन दिया था, लेकिन वे भी नहीं पहुंचे। ग्रामसभा के दौरान आरोप लगा कि सरपंच नलिनी कुमूरा ने ग्रामीणों की बात सुने बिना बैठक से उठकर चली गईं और पंचायत कार्यालय में ताला लगवा दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने उनके रवैये की निंदा करते हुए सवाल उठाया कि वे श्कंपनी की प्रतिनिधि हैं या पंचायत की। साथ ही प्रभावित गांवों के लोगों को बोलने का अवसर न देने का भी आरोप लगाया गया। बैठक में परियोजना प्राधिकरणों ने विस्तार परियोजना और भूमि अधिग्रहण प्रस्ताव पर विस्तृत जानकारी दी। दर्लीपालि के कई ग्रामीणों ने एनटीपीसी से सी एस आर के तहत और अधिक विकास कार्य करने की मांग रखीए जिस पर अधिकारियों ने दर्लीपालि व आसपास के गांवों में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए भविष्य में भी निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। हालांकि ग्रामसभा में अधिकांश ग्रामीणों ने बैठक रद्द करने की मांग की।



■ दो प्रभावित गांवों के लोगों ने किया विरोध

## जागरूक करने दीवारों पर लिखे जा रहे नारे

# बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायगढ़

जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले को 31 मार्च 2029 से पूर्व पूर्णतः बाल विवाह मुक्त घोषित किया जाना है।

इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों एवं बाल विवाह मुक्त छग अभियान के लक्ष्यों को विस्तार से बताया गया है। साथ ही बाल विवाह रोकने और इसे समाप्त करने के लिए शपथ दिलाई गई। कार्यशाला में जिला बाल संरक्षण अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, जिला बाल संरक्षण ईकाई के कर्मचारी एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए आंगनबाडी कार्यकर्ता, मिशन शक्ति, चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 के टीम द्वारा जन समुदाय के मध्यए स्कूलों, विभागीय बैठकों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जागस्कता लाने के उद्देश्य से नारा लेखन कराया जा रहा है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के प्रावधानों के अनुसार शासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाईजर एवं प्रत्येक ग्राम पंचायत के सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अधिसूचित किया गया है। बाल विवाह संबंधी सूचना इन्हें दी जा सकती है। इनके अतिरिक्त चाइल्ड हेल्प लाईन 1098 पर भी बाल विवाह होने की सूचना दी जा सकती है। सूचना प्रदाता की जानकारी गोपनीय रखी जाती है। जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह निषेध प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए जा रहे हैं तथा ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त करने का संकल्प लिया जा रहा है।




सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411